तापमान
अधिकतम 40.3 डिग्री
न्यूनतम 26.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 20 जुलाई 2026

12 मानव की सहायता करना ही सच्ची सेवा सामाजिक संस्थाएं निभाएं अहम भूमिका



12 ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने देखा कैंटोनमेंट बोर्ड का विकास मॉडल



## चार सौ एकड़ में होती है सब्जियों की खेती

# पधाना बना हरियाणा का सब्जी उत्पादन हब, सब्सिडी के इंतजार में किसान

### देशभर में पहुंचती हैं पधाना की ताजा सब्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अलग खबर

गांव पधाना आज हरियाणा में सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। यहां करीब 400 एकड़ भूमि पर वर्षभर विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती की जाती है। मार्च से सितंबर तक करेला, घीया, तोरी और भिंडी, जबकि सितंबर से मार्च तक टमाटर, गोभी, गाजर, धनिया और मटर की फसल उगाई जाती है। गांव के लगभग 80 प्रतिशत किसान सब्जी उत्पादन से जुड़े हैं और यहां की ताजा सब्जियां दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ तथा महाराष्ट्र सहित कई राज्यों तक पहुंचती हैं।हालांकि, किसानों का कहना है कि बढ़ती उत्पादन लागत और कम बाजार भाव उनकी सबसे बड़ी समस्या है। कई किसान ठेके पर जमीन लेकर खेती करते हैं, जिस पर सालाना करीब 80 हजार रुपये तक खर्च आता है। इसके अलावा बीज, खाद, दवाइयों, सिंचाई और मजदूरी का खर्च लगातार बढ़ रहा है। इसके बावजूद किसानों को मंडियों में सब्जियां मात्र 6 से 10 रुपये प्रति किलो बेचनी पड़ती हैं, जबकि यही सब्जियां बाजार में कई गुना अधिक कीमत पर बिकती हैं। किसानों ने सरकार से पधाना में सब्जी मंडी स्थापित करने, बिजली व कृषि सामग्री पर सब्सिडी देने, फसल बीमा और भावांतर योजना लागू करने की मांग की है, ताकि सब्जी उत्पादकों को उनकी मेहनत का उचित लाभ मिल सके।



तरावड़ी। जी टी रोड़ पर बेचने के लिए लाई स्टाल।



तरावड़ी। महिलाएं करेले तोड़ते हुये।

### खेती में महनत तो बहुत है लेकिन बाजार में अच्छे दाम नहीं मिलते



गांव गांगर निवासी किसान रणजोर सिंह ने बताया कि सब्जी की खेती में मेहनत बहुत अधिक होती है, लेकिन बाजार में अच्छे दाम नही मिलतें। कई बार सब्जी के भाव उंचे मिल जाये तो अच्छी कमाई संभव है। किसान हर बार अच्छे भाव की इंतजार में रहता है लेकिन उसें फायदा कम होता है। सरकार सब्जी उत्पादकों को सब्सिडी दें फसल पर खर्चा अधिक होता है बचत कम होती है। कई बार बरसात अधिक होती है सारी फसल खराब हो जाती है।

### खेती बाजार पर निर्भर



सब्जी उत्पादक मोहित राणा का कहना है कि यह खेती पूरी तरह बाजार भाव पर निर्भर करती है। यदि दाम अच्छे मिलें तो किसानों को लाभ होता है और कभी-कभी अच्छा सीजन आने पर पिछले नुकसान की भरपाई भी हो जाती है। लेकिन अब खेती मे खर्चे, लेबर दिहाड़ी अधिक होने से फायदा खत्म हो गया है।

### खेती लागत लगातार बढ़ रही



गांव पधाना के सब्जी उत्पादक प्रदीप राणा ने बताया कि वर्तमान समय में खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। बढ़ते खर्च किसानों की बचत को कम कर देते हैं। यदि लागत पर नियंत्रण हो तो किसानों की आय में और बढ़ोतरी हो सकती है। या सरकार भावान्तर योजना को लागू करें जिससे किसानों फायदा हो।

### सब्जी की खेती जुए समान



किसान अनूप सिंह ने सब्जी की खेती को जुएं के समान बताया। उनके अनुसार यदि फसल अच्छी हो और बाजार भाव भी ठीक मिले तो फायदा होता है, अन्यथा कई बार केवल लागत ही निकल पाती है। कई बार सब्जी का सीजन बढ़िया लगता है जिसमे किसान को पैसे बचते है पिछले नुक्सान की भरपाई भी हो जाती है ।

### खेती में नहीं मिल रहा लाभ



गांव पधाना के सब्जी उत्पादक सुरेन्द्र राणा का कहना है कि सब्जी की खेती दिन प्रति दिन नुक्सान की ओर जा रही है। जमीन का ठेका भी बढ़ता जा रहा है। किसानों को मेहनत के हिसाब उतना फायदा नहीं हो रहा है। सरकार से मांग है कि बांस, तार, बीज, दवाई पर उत्पादकों सब्सिडी दें और मनरेगा को सब्जी उत्पादकों के साथ जोड़े जिससे किसानों को फायदा होगा।

## खबर संक्षेप

### शादी के छह दिन बाद ही दुल्हन लापता, केस दर्ज

**शहजादपुर।** खेड़की मानकपुर गांव में प्रेम प्रसंग के बाद दोनों परिवारों की रजामंदी से युवक-युवती का मंदिर में विवाह कराया गया था। अब दुल्हन शादी के 6 दिन बाद लापता हो गई। गांव के साहिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पंचकूला में अपने चाचा के साथ सैलून चलाता है। उसकी मुलाकात पुराना पंचकूला खड़क मंगोली की रेनू से हुई थी। दोनों के बीच दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवारों की सहमति से अब दोनों की शादी हो गई थी। परिवादी के मुताबिक अब दुल्हन अपने साथ पहचान के सभी जरूरी कागजात और एक बैग लेकर गई है।

### मेडिकल शोध को दीपक शर्मा इसां की देह दान की

**पानीपत।** डेरा सच्चा सौदा की अमर सेवा मुहिम के तहत मॉडल टाउन निवासी 47 वर्षीय दीपक शर्मा इसां की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए परिजनों ने उनकी पार्थिव देह मेडिकल शोध के लिए प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, लखनउ, उत्तर प्रदेश को दान की। बेटियों अर्ज इसां और अंशिका इसां ने अर्थी को कंधा दिया। सेवादार राजेश इसां ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा की ओर से अब तक 2824 शरीरदान हो चुके हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया और जन सेवा दल के सदस्य चिमन लाल गुलाटी ने इस पहल को प्रेरणादायी बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीआईए टू ने अपहरण का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस ने गांव थिराना अड्डे से लकड़ी ठेकेदार दिलावर के अपहरण की वारदात में शामिल फरार चल रहे सातवें आरोपी इसराना निवासी अनुज उर्फ काला को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने पहले गिरफ्तार हो चुके अपने छह साथी आरोपियों व फरार एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर दिलावर का अपहरण करना स्वीकारा है। वहीं, दिलावर अपहरण केस में थाना मतलौडा में राजेंद्र पुत्र प्रभुराम निवासी थिराना जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

## गेहूं घोटाले में आरोप-प्रत्यारोप का नया दौर

# पूर्व इंस्पेक्टर ने लगाए तीन करोड़ गबन के आरोप

### पूर्व इंस्पेक्टर ने जांच की निष्पक्षता पर उठाए सवाल, कस्टोडियन पर करोड़ों के गबन का आरोप; एफएसओ ने किया खंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुंजपुरा स्थित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के गोदाम में हुए करोड़ों रुपये के बहुचर्चित गेहूं घोटाले में अब आरोप-प्रत्यारोप का एक नया दौर शुरू हो गया है। मामले में प्राथमिक रूप से घिरे पूर्व इंस्पेक्टर अशोक शर्मा ने एक वीडियो जारी कर खुद को पूरी तरह निर्दोष बताया है। उन्होंने विभागीय उच्चाधिकारियों और गोदाम के मौजूदा कस्टोडियन पर मामले को दबाने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस नए खुलासे के बाद जांच की निष्पक्षता को लेकर बहस तेज हो गई है। पूर्व इंस्पेक्टर अशोक शर्मा ने वीडियो में दावा किया कि शुरुआत में उन पर करीब 5 हजार गेहूं के बैग गायब करने का आरोप लगाया गया था, जबकि उस समय गोदाम की जिम्मेदारी उनके पास थी ही नहीं। इसके बाद विजिलेंस और विभागीय जांच में यह संख्या बढ़कर क्रमशः 9500 और 9951 बैग तक पहुंच गई। शर्मा का आरोप है कि हर बार आंकड़ों में हेरफेर की गई और जिम्मेदारी तय करने में पारदर्शिता न बरतते हुए पूरे मामले का ठीकरा उनके सिर फोड़ा जा रहा है।



आरोप लगाते अशोक शर्मा

### निलंबन और ड्यूटी में बदलाव पर उठाए सवाल

शर्मा के अनुसार, 3 जुलाई को 40 क्विंटल गेहूं के कथित गबन के आरोप में उन्हें निलंबित किया गया था, जिसके बाद 8 जुलाई को उन्होंने चंडीगढ़ स्थित निदेशक कार्यालय में कार्यभार संभाल लिया और वहीं से वेतन प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके स्थान पर गोदाम का कस्टोडियन मुकेश गुप्ता को बनाया गया था; ऐसे में उनके प्रभार के बाद हुई किसी भी कमी के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराना पूरी तरह गलत और तर्कहीन है। उन्होंने कहा कि गोदाम से जो भी गेहूं गायब हुआ, वह उनकी अनुमति के बिना उठाया गया था।

### कस्टोडियन पर 3 करोड़ का गेहूं बेचने व रिश्वतखोरी का आरोप

वीडियो में पूर्व इंस्पेक्टर ने तत्कालीन एफएसओ एवं वर्तमान कस्टोडियन मुकेश गुप्ता पर सीधे तौर पर करीब 3 करोड़ रुपये का गेहूं अवैध रूप से बेचने का संगीन आरोप मढ़ दिया है। शर्मा का दावा है कि 24 जून को निदेशक स्तर की जांच में भी मुकेश गुप्ता को जिम्मेदार माना गया था और कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी, लेकिन अधिकारियों की कथित मिलीभगत के कारण कार्रवाई को दबा दिया गया। इसके अलावा, शर्मा ने सरकार से मुकेश गुप्ता की संपत्ति की जांच की मांग करते हुए कहा कि गुप्ता के पास सेक्टर-8 में दो मंजिला कोठी और कई प्लॉट हैं, जो परिजनों के नाम पर हैं। शर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि मामले को रफा-दफा करने के नाम पर एफएसओ समेत कुछ अधिकारियों ने उनसे 25 लाख रुपये की रिश्वत ली, जो उन्होंने 6 अगस्त को अपने ईपीएफ और रिश्तेदारों से उधार लेकर दी थी, फिर भी उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करा दी गई। उन्होंने 2 जनवरी 2026 को हरियाणा के डीजीपी से मिलकर भी इस संबंध में शिकायत दी थी, पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### खास बातें

- 25 लाख रिश्वत लेने का भी लगाया आरोप
- गेहूं बैगों की संख्या में हेरफेर का आरोप
- डीजीपी को शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का दावा
- रिकॉर्ड नहीं सौंपने का एफएसओ ने किया पलटवार

### एफएसओ मुकेश गुप्ता ने आरोपों को नकारा

दूसरी ओर, जब इस संबंध में एफएसओ मुकेश गुप्ता से बात की गई, तो उन्होंने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। गुप्ता ने कहा कि अशोक शर्मा के खिलाफ सभी सबूतों के आधार पर ही नियमानुसार एफआईआर दर्ज करवाई गई है। 25 लाख रुपये लेने की बात पूरी तरह मनगढ़ंत है; अगर ऐसा था तो यह मामला एक साल बाद क्यों उठाया जा रहा है? उन्होंने यह भी जोड़ा कि अशोक शर्मा ने अभी तक विभाग को रिकॉर्ड नहीं सौंपा है, जिसके लिए कई बार पत्राचार किया जा चुका है।

## कुवि के डॉ. आनंद अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आनंद जायसवाल को यूरोप के प्रतिष्ठित डाइवर्स यूनिवर्स इंटरनेशनल परफॉर्मेंस फेस्टिवल-2026 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव 20 से 26 जुलाई 2026 तक एस्टोनिया के टालिन और पारनू शहरों में आयोजित होगा।



विशेष बात यह है कि इस वर्ष भारत से चयनित होने वाले कलाकारों में डॉ. आनंद जायसवाल एकमात्र प्रतिनिधि हैं, जो न केवल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. आनंद जायसवाल को बधाई देते हुए कहा कि किसी अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में उनका चयन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. जायसवाल अपनी प्रतिभा और सृजनशीलता से अंतरराष्ट्रीय मंच पर विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगे। डॉ. आनंद जायसवाल ने बताया कि यह अवसर भारतीय कला परंपरा, सांस्कृतिक विविधता और समकालीन भारतीय रचनात्मकता को विश्व मंच पर प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

### प्लाट पर कब्जे को लेकर आपस में भिड़े दो गुट

**यमुनानगर।** जिले के प्रताप नगर में प्लाट पर कब्जे को लेकर तो पक्षों में झगड़ा हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ईंट पत्थरों से हमला कर परिवार के तीन लोगों को घायल कर दिया। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपी लोगों को नामजद करते हुए सौ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। निवासी करण सिंह ने प्रताप नगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका प्रताप नगर में प्लाट है। जिसका कोर्ट केस चल रहा है। 18 जुलाई को दोपहर 12 बजे वह अपने प्लाट पर परिवार के सदस्यों के साथ गया था। इस दौरान वहां पर अंकुश कुमार, पंकज बलिया व अश्वनी कंसल अपने सौ के करीब अन्य साथियों के साथ वहां पहुंच गए। आरोपियों ने आते ही उन पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे वह तथा उसके परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा कर शांत किया। पुलिस ने करण सिंह की शिकायत पर आरोपी अंकुश कुमार, पंकज बलिया व अश्विनी कंसल को नामजद करते हुए सौ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## करंट लगने से किसान की मौत

खेत में मोटर ठीक करते समय हादसा

- धान की फसल में पानी देते वक्त बिजली की तार की चपेट में आया किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के गांव अमरगढ़ में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां खेत में काम करते समय करंट लगने से एक किसान की असामयिक मृत्यु हो गई। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, शनिवार को अमरगढ़ गांव में धान के खेतों में पानी देने के लिए किसान ट्यूबवेल की मोटर ठीक कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक बिजली की लाइव तार की चपेट में आ गया। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि 38 वर्षीय जगमाल सिंह (निवासी गांव सिकरी) अपने ताऊ का बेटा था और सिकरी के साथ-साथ अमरगढ़ गांव में भी ठेके पर जमीन लेकर खेती करता था। शनिवार को जब वह खेत में मोटर ठीक करने का प्रयास कर रहा था, तभी अचानक बिजली का एक खुला तार उसके पैर से स्पर्श कर गया।

### अस्पताल में डॉक्टरों ने घोषित किया मृत

हादसे के तुरंत बाद आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचित किया। बदहवास परिजन जगमाल को बेहोशी की हालत में तुरंत करनाल के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में शोक की लहर है। बताया जा रहा है कि मृतक शादीशुदा था और उसका एक 18 वर्षीय बेटा भी है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके का मुआयना किया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी हाउस भिजवा दिया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### इंस्टाग्राम पर फर्जी पहचान बनाकर सैलून संचालक से ठगे 80 हजार रुपये

**यमुनानगर।** इंस्टाग्राम पर फर्जी पहचान बनाकर एक युवक ने सैलून संचालक से 80 हजार रुपये की ठगी कर ली। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव भम्भोल निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 जुलाई को इंस्टाग्राम पर एक युवक ने उसे मैसेज किया। इसके बाद दोनों के बीच व्हाट्सएप पर बातचीत होने लगी। आरोपी ने बताया कि उसका वीजा खत्म हो गया है और उसे वीजा एजेंट को तत्काल पैसे देने हैं।

## ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन गुरप्रीत सिंह समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा की राजनीति में रविवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। गांव कराह साहिब में कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन गुरप्रीत सिंह अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने उन्हें भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस राजनीतिक घटनाक्रम को क्षेत्र में भाजपा की बढ़ती ताकत और कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।भाजपा नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी के गांव कराह साहिब पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। पूरे कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का उत्साह देखने लायक था। पं.जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पारदर्शी, ईमानदार और विकासोन्मुख कार्यशैली से प्रभावित होकर लगातार लोग दूसरी पार्टियों को छोड़ भाजपा का दामन थाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है और यही कारण है कि पार्टी का परिवार दिन-प्रतिदिन मजबूत होता जा रहा है।

### हत्या का आरोपी चन्द घंटों में किया काबू

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने हत्या करने के आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र मोहन कुशल मार्गदर्शन में थाना सदर थानेसर पुलिस टीम में हत्या करने के आरोपी मोहित को चंद्र घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 19 जूलाई 26 को गांव सांवला में गुरुद्वारा के पास गोहर/खेत का रास्ता में एक व्यक्ति का शव मिला था। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची तथा सीन ऑफ क्राइम टीम को मौका पर बुलाकर घटनास्थल और शव का निरीक्षण करवाया गया। मृतक की पहचान राजकुमार वासी सांवला के रूप में हुई।

## यमुनानगर में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक व व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार चंदाखेड़ी कॉलोनी व्यासपुर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसका बेटा 20 वर्षीय आयुष 17 जुलाई को रात साढ़े आठ बजे अपनी बाइक से घर लौट रहा था। जब वह व्यासपुर की अनाज मंडी के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उसके बेटे की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया।

### कार के टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

गांव शहजादवाला निवासी साजन ने बताया कि उसका चाचा रामशरण 17 जुलाई को रात साढ़े आठ बजे अपने गांव लौट रहा था। जब वह गांव खिल्लेवाला के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार से आ रही कार ने उसके चाचा की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसके चाचा को गंभीर हालत में अस्पताल में पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसके चाचा की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कार की टक्कर से चालक व मिस्त्री की मौत

**समालखा।** जीटी रोड पर समालखा-मनाना फ्लाईओवर के उपर रविवार को कार ने पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप का चालक 32 वर्षीय जावेद निवासी उत्तर प्रदेश व मिस्त्री 38 वर्षीय सुनील निवासी करहंस जिला पानीपत की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की जांच में पता चला कि सुनील के पिकअप के टायर में पंक्चर हो गया था, उसने पिकअप को सडक किनारे रखा किया और पंक्चर जुडवाने के लिए मिस्त्री सुनील को मौके पर बुलाया। वहीं, सुनील अपने औजार लेकर मौके पर पहुंचा और पिकअप के टायर के पंक्चर को जोडने लगा। इस दौरान समालख की ओर से आ रही कार ने पंक्चर लगा रहे मिस्त्री सुनील और चालक जावेद को टक्कर मार दी।

### जनभागीदारी को मजबूत करने पर विशेष बल दिया

# एसएमसी सदस्यों से सीएम ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार रविवार को राजकीय उच्च विद्यालय गणेशपुर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ 'सीधा संवाद' कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यमंत्री का संबोधन ध्यानपूर्वक सुना। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंधन समितियों की भूमिका, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यालयों के समग्र विकास, विद्यार्थियों के हितों तथा जनभागीदारी को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने एसएमसी सदस्यों से विद्यालयों के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।



शहजादपुर। सीएम संवाद कार्यक्रम में मौजूद एसएमसी सदस्य।

कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग एवं हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय एसएमसी प्रधान उर्मिला रानी व अन्य सदस्यगण और विद्यालय की ओर से संगीता रानी, पूजा रानी, रजनी बाला, उमा रानी एवं सोहन लाल उपस्थित रहे। साथ ही सीआरसी कोड़वा खुर्द से कुलविंदर सिंह ने विशेष रूप से कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।एसएमसी सदस्यों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यालयों के विकास एवं शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## खबर संक्षेप

### शिव स्तुति और भजनों से गूंजा श्री राम मंदिर



**करनाल।** सेक्टर-8 स्थित श्री राम मंदिर में रविवार को नियमित शिव स्तुति, जलाभिषेक और पंचामृत स्नान के साथ भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। मुख्य यजमान अतुल और सुधा रहे, जबकि पंडित अनिल द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न कराया। भजन संध्या में वीणा सेठ, अनु खट्टर, सुशील मदान और संगीता बत्रा ने भजनों की प्रस्तुति दी। पवन धमीजा ने बताया कि सावन माह में प्रतिदिन भोले बाबा का अभिषेक होगा। इस अवसर पर तरसेम गुप्ता, अशोक मदान, संजीव ढींगरा, उषा ढींगरा, वेद दुआ, मुरारी लाल बत्रा, सरोज दुआ, ऊषा बत्रा, चंद्र बत्रा, जगन बत्रा, सर्वेश, संतोष, मीरा सिंह, दिलीप और सुनैना मदान सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गुरु तेग बहादुर स्कूल में मेधावियों का सम्मान



**करनाल।** मॉडल टाउन स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों का सम्मान करना और अन्य विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, प्रशस्ति-पत्र और अन्य सम्मान प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक, अभिभावक तथा गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे और विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने रविवार सुबह आर.के. पुरम स्थित शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उपलब्ध कराए गए पौधों का मंदिर परिसर में विधिवत रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण का निर्माण तथा समाज में वृक्षारोपण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प भी लिया।

### नागरिकों ने महापौर से की मुलाकात

**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने रविवार को बसंत विहार और चौधरी कॉलोनी में नागरिकों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा आत्मीय संवाद किया। लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# गुरु दक्ष प्रजापति जयंती पर 51 लाख की सौगात

## विधायक जगमोहन आनंद ने की समारोह में घोषणा

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल

■ सामाजिक समरसता और संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

प्रजापति चौपाल समिति की ओर से विकास कॉलोनी स्थित प्रजापति कुम्हार चौपाल में गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। विधायक जगमोहन आनंद ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए चौपाल के विकास के लिए विधायक कोष से 51 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ, दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुई। मेयर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, सुरेंद्र उड़ाना, राममेहर आर्य, डॉ. नरेश करडवाल और राजीव कुमार सहित अनेक अतिथियों ने समाज को एकजुट रहने और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। समिति के प्रधान बलबीर ने अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एसडीओ धर्मवीर आर्य, रामकुमार, नाथीराम, पालाराम, जीत सिंह, पदम सिंह, मनीत, रघुबीर, महेंद्र सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।





**करनाल।** गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में उपस्थित अतिथि तथा हवन–यज्ञ में आहुति अर्पित करतीं महापौर रेणु बाला गुप्ता।

### महापौर ने दी एकता और संस्कारों की सीख

**करनाल।** सेक्टर-5 स्थित प्रजापति चौपाल में रविवार को श्री दक्ष प्रजापति महाराज जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और वैदिक रीति-रिवाज से आयोजित हवन-यज्ञ में आहुति अर्पित कर प्रदेश, नगर और समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। महापौर ने कहा कि श्री दक्ष प्रजापति महाराज का जीवन कर्तव्यनिष्ठा, सामाजिक समरसता, संस्कृति संरक्षण और मानव सेवा का प्रेरक उदाहरण है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ समाज में प्रेम, भाईचारे और सद्भाव की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं।

# शिक्षा, स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था के मुद्दों पर सरकार घिरी : गुप्ता

■ दान चोरी मामले पर आप का हमला, कार्यकर्ता सम्मेलन किया

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल



**करनाल।** कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता।

आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को मानव सेवा संघ में आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राम मंदिर में कथित दान चोरी के मामले, शिक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं, बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता गांव-गांव तक पहुंचें और प्रधानमंत्री के नाम लिखे पत्रों पर लोगों के हस्ताक्षर करवाकर भेजें।

प्रदेश उपप्रधान प्रो. बालकृष्ण कौशिक ने कहा कि राम मंदिर में दान चोरी के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने करनाल में बिजली संकट, खराब सड़कों और बढ़ते अपराधों का मुद्दा उठाते हुए जल्द आंदोलन की चेतावनी दी। सम्मेलन में हवा सिंह को आम आदमी पार्टी का करनाल जिला प्रधान नियुक्त किया गया। इस दौरान प्रो. बीके कौशिक, रणदीप राणा, रणबीर लोहाण, लाभ सिंह आर्य, संजीव मेहता, ईश्वर ढाकवाला, गुरजिंद्र सिंह, राजेश कांबोज, नवीन, प्रदीप, दीपक मित्तल, पूर्ण सिंह कांबोज, प्रदीप कांबोज, विनोद शर्मा, राजिंद्र सिंह, राज सुखन, रजनीश, लख्मी चंद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मौके पर ही किया जन समस्याओं का समाधान

■ विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ तरावड़ी

विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने आज अनाज मंडी स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से लोग अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे।

विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि जनता की सेवा करना उनका प्रथम कर्तव्य है और क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार आम जनता की सुविधा और विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा किसी भी व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी नहीं आने दी जाएगी। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने सडक़, पेयजल, बिजली, सीवरेज, पेंशन, राशन कार्ड तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर कई मामलों का तुरंत समाधान कराया, जबकि अन्य समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपस्थित लोगों ने विधायक भगवान दास कबीरपंथी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और कई मामलों का तुरंत समाधान होने से लोगों को राहत मिली।

# पहले रिश्ता तुड़वाया, अब जान से मारने की धमकी

■ युवती से ब्लैकमेलिंग व मारपीट का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल

घरौंडा क्षेत्र के एक गांव की युवती ने अपने एक परिचित युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए ब्लैकमेलिंग, पीछा करने, मारपीट करने और धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। यह मामला पहले अंबाला जिले के नग्गल थाने में सामने आया था, जहां पीड़िता की शिकायत पर 'जीरो एफआईआर' दर्ज की गई थी। इसके बाद घटनास्थल घरौंडा क्षेत्र का होने के कारण केस को ट्रांसफर कर 18 जुलाई को घरौंडा थाने में संबंधित धाराओं के तहत नियमित मुकदमा दर्ज किया गया।

**फोन पर धमकियां देकर बनाता रहा दबाव :** अंबाला के नग्गल थाना क्षेत्र की मूल निवासी पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2025 में उसकी पहचान कुरुक्षेत्र जिले के एक गांव के रहने वाले युवक से हुई थी। दोनों के बीच करीब दो महीने तक फोन पर बातचीत हुई।

जब युवती के परिवार को इस बात की जानकारी मिली, तो उसने युवक से बातचीत बंद कर दी। आरोपी युवक लगातार फोन कर जबरदस्ती बात करने का दबाव बनाने लगा और मना करने पर बदनाम करने की धमकी देने लगा।

# कर्मों का दोष दूसरों पर नहीं, स्वयं पर ध्यान देना जरूरी : ओंकार

■ श्रेष्ठ कर्म ही बनाते हैं भाग्य, ब्रह्माकुमारीज में दिया सकारात्मक जीवन का संदेश

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ करनाल



**करनाल।** ब्रह्माकुमारीज के कार्यक्रम में संबोधित करते राजयोगी ओंकार शर्मा।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सेक्टर-7 सेवा केंद्र में 'डिजाइन योर डेस्टिनी' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर एवं साइंटिस्ट इंजीनियरिंग विंग के कोऑर्डिनेटर राजयोगी ओंकार शर्मा ने कहा कि श्रेष्ठ विचार, श्रेष्ठ व्यवहार और श्रेष्ठ कर्म ही व्यक्ति का भाग्य बनाते हैं। सफलता के लिए ईमानदारी, सच्चाई और सकारात्मक सोच जरूरी है। इस अवसर पर डॉ. विनोद कालरा, संतलाल पाहवा, एडवोकेट महेंद्र संधू, कर्म सिंह कल्याण, ललित सरदाना, रामलाल कटारिया, वीपी सिंह, राजेंद्र राणा, रामनिवास गर्ग, ज्ञान सरदाना, ईश्वर गर्ग, सुशील शर्मा, रीतू चौधरी, जगदीश मदान, छवि चौधरी, आदि मौजूद रहे।

## तरावड़ी : आगामी खरीद सीजन के दौरान विवाद गहराने की आशंका

# अनाजमंडी के आढ़तियों की करोड़ों रुपये की आढ़त अटकी

■ आढ़तियों ने हैफेड पर भुगतान में देरी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



एशिया की सबसे बड़ी अनाज मंडियों में शुमार तरावड़ी अनाज मंडी के आढ़तियों में इन दिनों भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। मंडी के आढ़तियों ने आरोप लगाया है कि हैफेड विभाग द्वारा गेहूं और धान की खरीद के बाद भी उनकी आढ़त का भुगतान लंबे समय से लंबित है। बार-बार अधिकारियों से संपर्क करने और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बावजूद भुगतान जारी नहीं होने से आढ़तियों में रोष बढ़ता जा रहा है। मंडी के पदाधिकारियों के अनुसार, हैफेड विभाग ने करीब तीन महीने पहले तरावड़ी अनाज मंडी से लगभग 8 लाख कट्टे गेहूं की खरीद की थी। इस खरीद पर बनने वाली आढ़त की राशि दो करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है, लेकिन अभी तक उसका भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा, करीब नौ महीने पहले खरीदी गई धान की फसल पर 9.12 प्रति क्विंटल के हिसाब से देय आढ़त का भुगतान भी अब तक लंबित है। तरावड़ी अनाज मंडी के उपाध्यक्ष सुल्तान सोलो ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हैफेड जानबूझकर आढ़तियों की भुगतान प्रक्रिया में देरी कर रहा है। उन्होंने कहा कि मंडी के प्रतिनिधियों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से मिलकर भुगतान जारी करने की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सुल्तान सोलो ने कहा कि आढ़ती किसानों और सरकारी एजेंसियों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। यदि उनकी मेहनत का भुगतान समय पर नहीं मिलेगा, तो इससे मंडी व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने सरकार और संबंधित विभाग से लंबित भुगतान तत्काल जारी करने की मांग की। वहीं, तरावड़ी अनाज मंडी के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने भी भुगतान में हो रही देरी पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मंडी की ओर से कई बार अधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। संबंधित अधिकारी इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। सुभाष गुप्ता ने बताया कि स्थानीय विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने भी अधिकारियों को आढ़तियों का भुगतान जल्द जारी करने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। यदि जनप्रतिनिधियों के निर्देशों के बाद भी भुगतान नहीं हो रहा है, तो यह प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। मंडी अध्यक्ष ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हैफेड विभाग ने जल्द से जल्द गेहूं और धान की लंबित आढ़त का भुगतान नहीं किया, तो आगामी खरीद सीजन में तरावड़ी अनाज मंडी के आढ़ती हैफेड को अपना माल बेचने पर पुनर्विचार करेंगे। मंडी के व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि हैफेड विभाग को लंबित भुगतान तत्काल जारी करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आढ़तियों का विश्वास बना रहे और आगामी खरीद सीजन सुचारु रूप से संचालित हो सके। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि हैफेड विभाग और संबंधित प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। विभाग के डीएम देवेंद्र सिंह ने बताया कि धान की पेमेंट आढ़तियों को भेजी जा चुकी हैं। गेंहू की पेमेंट भी प्रोसेस में है।

## न्यूज डायरी

### मक्की खरीदने से इनकार पर भड़की भाकियू



**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम ने अनुबंध खेती के नाम पर किसान के साथ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन और कृषि विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग की है। यूनियन नेताओं बहादुर मैहला बलड़ी और जगदीप ओलख ने अनाज मंडी पहुंचकर किसान महिंद्र सिंह की समस्या सुनी और कहा कि यदि दोषी बीज विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो अधिकारियों के कार्यालय के बाहर मक्की से भरी ट्रॉली के साथ प्रदर्शन किया जाएगा। किसान महिंद्र सिंह ने बताया कि महंगे दाम पर बीज बेचकर अनुबंध के तहत 45 रुपये प्रति किलो की दर से मक्की खरीदने का वादा किया गया था, लेकिन अब दुकानदार फसल खरीदने से इंकार कर रहा है। किसान का कहना है कि प्रति एकड़ करीब 50 हजार रुपये की लागत लग चुकी है और पिछले दस दिनों से वह मक्की लेकर करनाल अनाज मंडी में खड़ा है। किसी भी कीमत पर किसान के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

### प्राचीन नगर खेड़ा पर किया हवन



**इंद्री।** इंद्री के वार्ड नंबर- एक स्थित प्राचीन नगर खेड़ा पर नगर खेड़ा कमेटी एवं कस्बा वासियों के सहयोग से सुख-शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे की कामना को लेकर हवन-यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामकुमार कश्यप ने पहुंच कर हवन-यज्ञ में भाग लिया। विधायक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व है। ऐसे आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं तथा लोगों को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ते हैं। प्राचीन नगर खेड़ा सभा के प्रधान जयप्रकाश बंसल ने बताया कि नगर में सुख-शांति, समृद्धि और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की कामना से प्रत्येक वर्ष नगर खेड़ा पर हवन-यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वर्षों से चला आ रहा है और इसमें कस्बे के सभी वर्गों के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। भंडारे में काफी संख्या मे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### इंद्री में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**इंद्री।** विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप के नेतृत्व में शहीद स्मारक चौक व गुढ़ा शिव धाम में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन का संकल्प लिया। अभियान में इंद्री क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, युवा और महिला शक्ति ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। इस मौके पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैच द रेन एवं जल संरक्षण के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्षा डॉ अर्चना गुप्ता के मार्गदर्शन में चल रहे स्वच्छता स्वागत अभियान के अंतर्गत शहीद स्मारक चौक व शिव धाम में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### ब्रह्मज्ञान से ही मानव जीवन का लक्ष्य संभव :भारती



**करनाल।** शिव चित्रगुप्त मंदिर, सदर बाजार में दिव्या ज्योति जाग्रति संस्थान के साप्ताहिक सत्संग में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी एकता भारती ने ब्रह्मज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यही वह दिव्य प्रक्रिया है, जो आत्मा को उसकी वास्तविक पहचान और जीवन के उद्देश्य का बोध कराती है। उन्होंने कहा कि मानव जन्म परमात्मा की अनमोल कृपा है, लेकिन केवल सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति और पारिवारिक दायित्व निभाकर जीवन समाप्त कर देना ही इसका लक्ष्य नहीं है। ब्रह्मज्ञान किसी धर्म, संप्रदाय या जाति तक सीमित नहीं, बल्कि आत्मसाक्षात्कार और मानवीय चेतना के विकास का माध्यम है।

### रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त संग्रहित



**करनाल।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक मंगल पांडे की जयंती पर क्षेत्रीय रक्त संचरण केंद्र, नागरिक अस्पताल में 596वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संयोजन राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता एवं डायमंड रक्तदाता डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा रहे, जबकि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर सिंह मलिक ने अध्यक्षता की। रक्त संग्रहण का कार्य क्षेत्रीय रक्त संचरण केंद्र के प्रभारी डॉ. संजय वर्मा के नेतृत्व में हुआ। समाजसेवी नरेश मेहता और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी चरंजी लाल वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि रोहतास वर्मा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। शिविर में परमाल सिंह, दिनेश शर्मा, रजनीबाला, अनिल कुमार, आरती सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान 25 युवाओं ने रक्तदान किया।

### कांग्रेस ने संगठन मजबूत करने की बनाई रणनीति



**करनाल।** जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी) की जोन-2 संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष पराग गाबा के नेतृत्व में जिला उपप्रधान दिलशेर सिंह डाचर के कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में संबंधित जोन के पदाधिकारियों और प्रस्तावित मंडल अध्यक्षों ने भाग लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में पराग गाबा, ललित आहूजा, दिलशेर सिंह डाचर, धर्मपाल डाचर, दीपक महाजन, एडवोकेट सुरेश चौधरी, कपिल ठाकुर, देवी सिंह, विनोद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, दलजीत मान, परवीन मान, पवन शर्मा, हेमंत बजाज, अनिल वाधवा और भूपेंद्र मान सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिव बाबा से दिल जोड़ो, दुनिया से नहीं : ओंकार

**तरावड़ी।** तनाव, अशांति और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ में उलझे मानव को आत्मिक शांति का मार्ग दिखाने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, तरावड़ी में आयोजित वार्षिक ज्ञान योग शिविर श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन गया। अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे वरिष्ठ राजयोगी बीके ओंकार चंद भाई ने सेंकड़ों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में यदि सच्चा सुख, शांति और आनंद चाहिए तो संसार नहीं, परमात्मा शिव को अपना केंद्र बिंदु बनाइए।

### एक्टिव लर्निंग विषय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**तरावड़ी।** श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट में शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से सीबीएसई द्वारा आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक्टिव लर्निंग विषय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में रिसोर्स पर्सन ममता ग्रोवर एवं नेहा जुनेजा ने शिक्षकों को एक्टिव लर्निंग की नवीन शिक्षण तकनीकों, कक्षा में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के उपायों तथा गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धतियों की विस्तार से जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### सिवाह में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

**पानीपत।** डॉ. आंबेडकर सोशल वेलफेयर आग्रेनाइजेशन गांव सिवाह के सौजन्य से इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस गांव सिवाह द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। कैंप का शुभारंभ सरपंच आर्य रणदीप कादियान ने किया। इस अवसर पर सुभाष नरवाल, सुभाष फुलिया, जोगिंदर भोला, प्रदीप भोला, उमेद फुलिया, सत्यवान रंगा आदि उपस्थित रहे।

### लतीफ गार्डन में की एसीसीपीआर ने बैठक

**पानीपत।** नॉर्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन ऑर्गेनाइजेशन की बैठक लतीफ गार्डन में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नशे के विरुद्ध अभियान चलाने पर चर्चा हुई। बैठक में राजेश वर्मा, देवेंद्र राणा, दिनेश खुराना, राधेश्याम, राजपाल कश्यप, कर्मवीर सरपंच, संदीप शर्मा, मांगेराम मलिक, मयंक मलिक, विजेंदर सरपंच, तेजबीर खर्ब, मुकेश सैनी, दिनेश गुप्ता, रवि, शंभू यादव, दीपक मित्तल, राजाराम, महक आदि उपस्थित रहे।

### अग्रवाल संगठन की बैठक हुई

**पानीपत।** अग्रवाल संगठन की रविवार को एकता विहार कॉलोनी स्थित राजेंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बैठक हुई। बैठक में अग्रवाल समाज की सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा हुई। बैठक में मनमोहन अग्रवाल, राजेश गर्ग, राम रतन अग्रवाल, राजीव गर्ग, विकास गोयल, लोकेश सिंगल, नरोत्तम अग्रवाल अजय गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### घेर अराइयां में स्वच्छता अभियान चलाया

**पानीपत।** स्वच्छता ही स्वागत अभियान के तहत रविवार को भाजपा उत्तरी शहरी मंडल में वार्ड नौ के पार्षद नवल जिंदल व पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने परमहंस कुटिया के पास घेर अराइयां में स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें रविंद्र भाटिया, हिमांशु कटारिया, हरीश चावला, दीनदयाल खुंगर, अशोक चावला, वेद बरेजा, नवीन वर्मा, चंद्र सहगल, दर्शन लाल बधवा, मुकेश जैन, मेहुल जैन, राजीव रीडलान, अमित मक्कड़, डा. हिमांशु वधवा, इरफान खान आदि ने भाग लिया।

### पीएम स्वनिधि योजना का लाभ लें: डीसी

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि पीएम स्व निधि योजना छोटे कारोबारियों, रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की एक प्रभावी पहल है। इस योजना का उद्देश्य केवल ऋण उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाकर उनकी आय बढ़ाना और उनके व्यवसाय को स्थायित्व प्रदान करना है। पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी गारंटी के आसान शर्तों पर चरणबद्ध तरीके से ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

---

### नेल्सन मंडेला इंटरनेशनल डे पर राय ने नीदरलैंड में दिया व्याख्यान

# नैतिक साहस, क्षमा, न्याय के वैश्विक प्रतीक थे नेल्सन मंडेला: राममोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। राममोहन रॉय को स्मृति चिंह भेंट करते हुए नीदरलैंड के समाजवादी। फोटो : हरिभूमि

नेल्सन मंडेला अंतराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नीदरलैंड स्थित चर्च ऑफ साइंटोलॉजी के मुख्यालय, एम्स्टर्डम में आयोजित समारोह में गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव व वरिष्ठ गांधीवादी कानूनविद् राम मोहन राय ने मुख्य वक्ता के रूप में महात्मा गांधी के दर्शन ने नेल्सन मंडेला को कैसे प्रेरित किया और न्याय तथा मेल-मिलाप के प्रति उनके आजीवन समर्पण को किस प्रकार आकार दिया विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। वहीं, कार्यक्रम में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, अंतरधार्मिक संवाद से जुड़े प्रतिनिधि तथा शांति और मानवाधिकारों के क्षेत्र में कार्यरत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कानूनविद् राय ने कहा कि नेल्सन मंडेला केवल दक्षिण अफ्रीका के महान नेता नहीं थे, बल्कि वे मानवता के लिए नैतिक साहस, क्षमा, न्याय और मेल-मिलाप के वैश्विक प्रतीक थे।

उन्होंने कहा कि 27 वर्षों तक कारावास में रहने के बावजूद मंडेला ने प्रतिशोध का मार्ग नहीं अपनाया, बल्कि सत्य, क्षमा और राष्ट्रीय मेल-मिलाप का मार्ग चुना। यही उनकी सबसे बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि है। मंडेला की इस महान सोच के मूल में महात्मा गांधी का सत्याग्रह, सत्य, अहिंसा और करुणा का दर्शन था।

वहीं, राय ने अपने व्याख्यान में नेल्सन मंडेला के अनेक महत्वपूर्ण उद्धरण प्रस्तुत किए। उन्होंने मंडेला का प्रसिद्ध कथन उद्धत किया कि भारत ने हमें मोहनदास गांधी दिए और हमने उन्हें महात्मा गांधी बनाकर भारत को लौटाया। राय ने मंडेला का यह कथन भी उद्धत किया कि गांधी ने अन्याय और दमन के विरुद्ध शांतिपूर्ण प्रतिरोध का मार्ग दिखाया तथा विश्व के शोषित और पीड़ित लोगों को नैतिक शक्ति प्रदान की। उन्होंने कहा कि गांधी और मंडेला दोनों ने यह सिद्ध किया कि क्षमा कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ा साहस है।

#### गांधी, मंडेला, हबर्ड ने शांति का संदेश दिया

*उन्होंने गांधीजी का प्रसिद्ध कथन आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी तथा मंडेला का कथन द्वेष ऐसा विष है जिसे स्वयं पीकर हम अपने शत्रु के मरने की आशा करते हैं उद्धत करते हुए कहा कि आज की हिंसा और युद्धग्रस्त दुनिया में इन विचारों की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। वहीं, चर्च ऑफ साइंटोलॉजी के संस्थापक एल. रॉन हबर्ड ने भी मानव गरिमा, नैतिक जीवन, पारस्परिक सम्मान और व्यक्तिगत उत्तरदायित्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गांधी, मंडेला और एल. रॉन हबर्ड अलग-अलग परंपराओं से आते हुए भी इस बात पर सहमत थे कि स्थायी शांति का मार्ग हिंसा नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, करुणा और मानवीय गरिमा से होकर जाता है।*

---



पानीपत। रिफाइनरी कर्मचारी आंदोलन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# रिफाइनरी के हड़ताली कर्मियों ने प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

इंडियन ऑयल पानीपत रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन और रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत होने के बाद भी समस्याओं के समाधान पर सहमति न बनने के कारण तीसरे दिन रविवार को भी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन कर रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, भूख हड़ताल पर रविवार को बड़ी संख्या में कर्मचारी बैठे। बता दें कि पानीपत रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन अपनी मांगे मनवाने और समस्याओं के समाधान के लिए, पिछले काफी समय से प्रधान संपूर्ण सिंह के नेतृत्व में विभिन्न तरीकों से रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। इधर, कर्मचारी यूनियन के प्रधान संपूर्ण सिंह ने कहा कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### एसडी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

**पानीपत।** एसडी इंटरनेशनल स्कूल में का विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और अनुसंधान की भावना को बढ़ावा देना था। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, अक्षय ऊर्जा, रोबोटिक्स, स्मार्ट तकनीक, जल संरक्षण तथा सतत विकास से जुड़े आकर्षक मॉडल और वैज्ञानिक प्रयोग प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष पवन गर्ग, प्राचार्या रुचि शर्मा आदि उपस्थित रहे।

---

# संत राजेंद्र सिंह ने निष्काम सेवा व प्रेम का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सावन कृपाल रूहानी मिशन के कृपाल आश्रम, बरसत रोड नूरवाला में रविवार को 39वें रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संत राजेंद्र सिंह की शिक्षाओं से संगत को अवगत कराते हुए हुआ। इसके पश्चात वीडियो सत्संग के माध्यम से मानवता, प्रेम, ध्यान मेडिटेशन और निष्काम सेवा का संदेश दिया गया। सत्संग में बताया गया कि सच्ची सेवा वही है जो बिना किसी दिखावे और स्वार्थ के की जाए। वहीं आश्रम के प्रधान सरदार राजा सिंह, उपप्रधान जोगिंदर नरूला, सचिव योगराज, सेवादार चमन गुलाटी आदि ने रक्तदाओं का हौसला बढाते हुए कहा कि दान में मिले रक्त से घायलों व रोगियों की जान बचाई जाती है, इसके मद्देनजर रक्तदाना भगवान का स्वरूप बन जाता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



पानीपत। कृपाल आश्रम, बरसत रोड नूरवाला में रक्तदानियों का हौसला बढाते हुए अतिथि।

# आरोहण फाउंडेशन ने बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आरोहण फाउंडेशन के द्वारा संचालित हर बच्चा शिक्षित बने अभियान के तहत रविवार को झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को निशुल्क पाठ्य सामग्री और खाने की सामग्री वितरित की। आरोहण फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप मलिक ने बताया कि अंसल सुशांत सिटी पानीपत निवासी निकिता के सहयोग से जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए विशेष पहल की गई।

निकिता ने बताया कि जो बच्चा अपना पढ़ाई पूरी करता है तो वह राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देता है। आरोहण फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे हर बच्चा शिक्षित बने अभियान के तहत बच्चों को कापी, पैन और पेंसिल वितरित की गई है ताकि बच्चों को पढ़ाई में मदद मिल सके। आरोहण फाउंडेशन के संस्थापक प्रदीप मलिक ने बताया कि शिक्षा ही एक मात्र साधन है जो बच्चों के भविष्य को संवारने में सहायक है।

प्रदीप मलिक ने कहा कि आरोहण फाउंडेशन समाज हित और विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर रही है ताकि सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया जा सके। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्य शिक्षक सुरेंद्र राठी आदि मौजूद रहे।





पानीपत। आरोहण फाउंडेशन के स्वयंसेवी जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# कानूनविद् सोकेंद्र ने सीएम दिल्ली को जन्मदिन की बधाई दी





पानीपत। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जन्मदिन की बधाई देते सोकेंद्र बालियान रघुवंशी। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के जन्मदिन पर उनके एलएलबी सहपाठी एवं 360, दृष्टि सेवा समाधान मिशन के संस्थापक सोकेन्द्र बालियान रघुवंशी ने शुभकामनाएं प्रेषित की। सोकेन्द्र बालियान रघुवंशी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सुख, समृद्धि तथा निरंतर जनसेवा का सामर्थ्य प्रदान करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में दिल्ली विकास, सुशासन, पारदर्शिता, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार सशक्तिकरण और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी तथा प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का सार्वजनिक जीवन समाज सेवा और जनहित के कार्यों के प्रति समर्पित रहा है।

# श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरों को फांसी हो: डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

अयोध्या स्थित भगवान श्री राम मंदिर के पावन चंदे में हुई हेराफेरी और भ्रष्टाचार के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा की वीर भूमि से एक बड़े धार्मिक व वैचारिक आंदोलन का शंखनाद किया हुआ है। आप के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ को विराम देने के बाद अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या स्थित प्रभु श्री राम के चंदे में हुई चोरी से देश-विदेश के करोड़ों राम भक्तों की अटूट श्रद्धा और त्याग का अपमान हुआ है और आस्था को गहरी ठेस पहुंची है, ऐसे महा-पापियों को फांसी दिलाने के लिए आप द्वारा हरियाणा में महा हस्ताक्षर अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत दश के प्रधानमंत्रा क नाम आम नागरिकों द्वारा लिखे गए पत्र पर 'चंदा चोरों को कड़ी सजा' दिलवाने हेतु हस्ताक्षर करवाए जा रहे है।



पानीपत। श्री हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए आप पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आप की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अहलावत, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रणबीर लोहान, जिलाध्यक्ष जसबीर जस्सा, लोकसभा उपाध्यक्ष डॉ नरेंद्र जैसिया, योगेश कौशिक, मनीष रोड, जितेंद्र जुनेजा, राजकुमार मुंडे, कंचन ढींगरा आदि उपस्थित रहे।

# मानवता के लिए 62 ने किया रक्तदान

**समालखा।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एंव निरंकारी राजपिता रमित के मार्गदर्शन द्वारा संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन के 62 श्रद्धालुओं ने रक्तदान किया। रक्त संग्रहित करने हिन्दुराव अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम चिकित्सकों सहित उपस्थित रही। शिविर में संत निरंकारी मंडल के रोशन मीनार, अशोक मनचंदा और मेडिकल विभाग के कॉर्डिनेटर डा. नरेश अरोड़ा ने सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। वहीं, संयोजक सुरजीत सिंह अलघ ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने वालों का आभार जताया।

# नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया





पानीपत। नशे के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक करते हुए समाजसेवी रंजीता कौशिक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

फैला उजियारा फाउंडेशन द्वारा रविवार को 'जय जय भारत देश अभियान' के अंतर्गत नशा मुक्त हरियाणा अभियान को गति देते हुए जिले के गांव मांडी और बुआना लाखु में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं, कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भागीदारी की और समाज से नशे की बुराई को समाप्त करने का संकल्प लिया। फाउंडेशन की चेयरपर्सन कुमारी रंजीता कौशिक ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जिस घर का युवा नशे की गिरफ्त में आ जाता है, वहां खुशियां, संस्कार, शिक्षा और आर्थिक समृद्धि धीरे-धीरे समाप्त होने लगती है। इसलिए नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है।

इस मौके पर सरोज, बिमला, लेखो, राज, श्रुति, कोमल, निधि, आशु, पूनम, पूजा, निर्मला, बिमला, कमलेश, सुमन, मनजीत, इशिका, कृष्णा, आरटी, पिंकी, मोनिका, सुनीता आदि उपस्थित रहे।

---

### माता शाकुंभरी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को लेकर बस रवाना

धार्मिक यात्राओं से नागरिक हो जाते हैं ऊर्जावान

# इंसान को सत्कर्म की राह दिखाती है धार्मिक यात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

प्राचीन सिद्ध श्री देवी मंदिर स्थित से श्री सिद्धपीठ मां शाकुम्भरी देवी के लिए, श्रद्धालुओं की बस को पूजा अर्चना कर रवाना किया गया। जिसमें पंडित हेमंत शुक्ला ने मंत्रोच्चारण कर बस का शुभारंभ किया। जिसको श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल, प्रधान रोहताश पांचाल ने कन्या से नारियल तुड़वाकर श्रद्धालुओं से लदी बस को रवाना किया। बस यात्रा के संचालक अमित पांचाल, विक्रम पांचाल, जगमोहन, जयकुमार पांचाल ने बताया कि बस भूरा देव मां शाकुम्भरी देवी व पंचमुखी हनुमान के श्रद्धालुओं को दर्शन कराएं। इस अवसर पर राजकुमार पांचाल, जगमोहन, गौरव कश्यप, मोहन लाल, रवि गोयल, तेजपाल तेजी आदि मौजूद रहे। वहीं श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल ने कहा कि सनातनी व्यक्ति को धार्मिक स्थलों की यात्रा अवश्य करनी चाहिए। धार्मिक यात्राओं से नागरिक ऊर्जावान हो जाते हैं।



पानीपत। मां शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को रवाना करते हुए समाजसेवी। फोटो : हरिभूमि

# अभिग्रहधारी डॉ. राजेश चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश हुआ



**पानीपत।** अभिग्रहधारी डॉ. राजेश मुनि महाराज (ठाणे-2) ने रविवार को चातुर्मास हेतु गांधी मंडी स्थानक में प्रवेश कर लिया है। मुनि महाराज डॉ. राजेश, इंदौर से भीषण गर्मी में करीब एक हजार किलोमीटर की दूरी नंदे पैर पदयात्रा करते हुए पानीपत पहुंचे। वहीं, साध्वी श्री समता महाराज तथा सभा प्रधान श्री जगदीश जैन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय एवं बाहर से पधारे समाज के उत्साही भक्तजनों ने मुनि महाराज डॉ. राजेश का स्वागत किया। इधर, शिक्षाविद् व साहित्यकार गांधी मंडी जैन समाज के संरक्षक डॉ. एपी जैन ने बताया कि मुनि महाराज डॉ. राजेश का जन्म सन 1973 में मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के इच्छापुर गांव में हुआ था। मुनि महाराज डॉ. राजेश सन 2001 में जैन भागवती दीक्षा अंगीकार करके भगवान महावीर की साधना एवं कठोरता को अपने जीवन का आधार बनाया। आपके 17 जुलाई, 2026 तक 2471 अभिग्रह पूरे हो चुके हैं, इसका अर्थ है कि अभी तक मुनि महाराज डॉ. राजेश ने पांच हजार से भी अधिक दिन उपवास में रहे हैं। संत डॉ राजेश एक कुशल संथारा विशेषज्ञ हैं आपने संथारा विषय पर पीएचडी की है और अभी तक 132 मुमुक्षु आत्माओं को संथारे दिलवा चुके हैं।

# कैंटर लूट के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस टीम ने सामान से भरे आयशर कैंटर लूट मामले में शामिल और दो आरोपियों मध्य प्रदेश के देवास जिले के चिड़ावद गांव निवासी राममूर्ति व राकेश को सोनीपत जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर गिरफ्तार किया है। थानेदार राकेश ने बताया कि आरोपियों ने अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर सितंबर 2019 में समालखा के नजदीक जीटी रोड पर सामान से भरा ट्रैक्स इंडिया कंपनी का एक आयशर कैंटर लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं, पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट से आठ दिन के रिमांड पर लिया है, रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात में शामिल फरार इनके दो अन्य साथी आरोपियों के बारे ठिकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी। कैंटर लूट का केस चालक अनिल की शिकायत पर थाना समालखा में 19 सितंबर सन 2019 में दर्ज है।

**सूचना**

**आवश्यकता**

ग्राम पंचायत झाम्बा में टंकी/टयुबवैल 02 पर जलकर्मी के रिक्त पद के लिए दिनांक 21-07-2026 से 24-07-2026 तक रिक्त पद के लिए आवेदन मांगे जाते हैं। सम्बन्धित ग्राम पंचायत झाम्बा के इच्छुक व्यक्ति उक्त पद हेतु प्रात 10 बजे से सायं 05:00 बजे तक खण्ड कार्यालय सनौली खुर्द में आकर आवेदन फार्म जमा करा सकते है व जरूरी दस्तावेज की प्रति स्वयं सत्यापित: 1. 10वीं शैक्षणिक दस्तावेज 2. अनुभव प्रमाण-पत्र (यदि कोई है तो) 3. चरित्र प्रमाण-पत्र 4. रिहायशी प्रमाण-पत्र 5. जाति प्रमाण-पत्र 6. परिवार पहचान-पत्र 7. आधार कार्ड 8. दो पासपोर्ट फोटो।

**खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सनौली खुर्द**

## खबर संक्षेप

### हर वार्ड में गठित होगी समिति, मांगे आवेदन


**अंबाला।** नगर निगम आयुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि नगर निगम द्वारा हरियाणा म्यूनिसिपल सिटीजन पार्टीस्पेशन एक्ट-2008 के तहत वार्ड समितियों का गठन किया जाना हैं। इसके तहत निगम के प्रत्येक वार्ड के इच्छुक व पात्र नागरिक जोकि वार्ड समिति के सदस्य के रूप में कार्य करना चाहते हैं उनसे आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

### पौधरोपण अभियान का भव्य आयोजन

**अंबाला।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण गीतांजलि गोयल के कुशल मार्गदर्शन में स्टाफ कॉलोनी में एक विशेष पौधारोपण अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और आवासीय परिसर को हरा-भरा बनाना था।

### फोटोस्टेट दुकान की बोली 22 जुलाई को

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय के अधीन कचहरी कम्पाउंड में स्थित फोटोस्टेट शॉप नंबर 2 की नीलामी 22 जुलाई 2026 को प्रातः 11 बजे तहसीलदार की अध्यक्षता में जिला नाजिर शाखा में होनी है। इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंच कर बोली दे सकते हैं। बोली देने से पूर्व फोटोस्टेट शॉप की राशि 25,000/- रूपए बतौर सिक्योरिटी जमा करवानी होगी।



बराड़ा। चोरों द्वारा तोड़े गए ग्रिफ।

### तंदवाल में चोरों ने ट्यूबवेल का ग्रिफ तोड़ा, तारों से तांबा उखाड़ ले गए चोर

**बराड़ा।** गांव तंदवाल में चोरों ने एक बार फिर किसानों की मेहनत पर हाथ साफ कर दिया। बेखौफ बदमाशों ने देर रात किसान विक्रम सिंह के खेत में लगे ट्यूबवेल को निशाना बनाते हुए उसका ग्रिफ तोड़ डाला और बिजली की तारों में लगा तांबा निकालकर फरार हो गए। वारदात के बाद इलाके के किसानों में भारी आक्रोश है।

## मंत्री विज ने शिविर में रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला

# मानव की सहायता करना ही सच्ची सेवा सामाजिक संस्थाएं निभाएं अहम भूमिका



अंबाला। शिविर में रक्तदाता को बैच लगाते मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि मानव की सहायता करना ही सेवा है। समाज सेवा हमारा लक्ष्य होना चाहिए और हमारा शहर समाज सेवा में नंबर एक होना चाहिए। संसार में कुछ भी मुफ्त नहीं है, हमें कुछ देना भी पड़ता है, इसलिए समाज व प्रकृति का कर्ज सेवा से ही उतरेगा। विज अंबाला छावनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल फेलोशिप क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यतिथि बोल रहे थे। उन्होंने रक्तदान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि अग्रवाल फेलोशिप क्लब एक मशहूर समाज सेवी संस्था है जो रक्तदान शिविर के अलावा समाज सेवा के विभिन्न कार्यों को करते हैं। समाज सेवी कार्यों से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। क्लब सदस्य स्वयं रक्तदान कर समाज सेवा का बेहतर उदाहरण समाज को दे रहे हैं। उन्होंने अग्रवाल फेलोशिप क्लब को प्रोत्साहन स्वरूप अपने स्वैच्छिक कोष से दस लाख रुपए देने की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि इस युग में लोग अपने तक ही सीमित होकर रह गए हैं जबकि दूसरे लोगों की सेवा के लिए प्रेरित करना भी आवश्यक है। सेवा विभिन्न कार्यों से होती है और हमें यह करना जरूरी भी है। हम पर्यावरण से हवा ले रहे हैं, सूर्य से रोशनी ले रहे हैं और इन्हीं से ही हम जीवित है परंतु संसार का नियम है कि दुनिया में कुछ मुफ्त नहीं है और हर वस्तु का भाव देना पड़ता है। यदि हमने कुछ लिया है तो कुछ देना भी पड़ता है नहीं तो समाज व प्रकृति का कर्जा चढ़ता रहता है। इसी कर्जे को उतारने के लिए समाज सेवी संस्थाएं बहुत बढ़ी भूमिका अदा कर रही है। विज ने गीत गुनगुनाया कि अपने लिए जिए तो क्या जिए, जीना वहीं है जो दूसरो के लिए जीना है। उन्होंने कहा जो लेते रहते है और देते कुछ नहीं उनके जीवन में खटास रहती है जो उन्हें ही नुक्सान देती है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना चाहिए क्योंकि यही पर्यावरण हमें शुद्ध हवा देते हैं। पौधे ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं जिससे हमें जीवन मिलता है और बिना ऑक्सीजन के आदमी जीवित नहीं रहता है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण किया जाना चाहिए। हमारी पार्टी ने कई स्थानों पर पौधरोपण किया है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह खाली स्थानों पर पौधरोपण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि शहर से बाहर गांव, खेतों व जंगलों में भरपूर मात्रा में खुली हवा व ऑक्सीजन मिलती है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर व उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर अग्रवाल फेलोशिप क्लब के पदाधिकारी अनिरुद्ध जिंदल, नीरव जैन, दिनेश अग्रवाल, संजीव जिंदल, अमित अग्रवाल, ऋषि गुप्ता, नवीन मित्तल, आशीष राज गुप्ता, जितेंद्र सिंघल, महेश अग्रवाल के अलावा भाजपा नेता रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, अनुज यादव, अनिल बहल, अभिषेक धीमान सहित अन्य मौजूद रहे।

#### सेवा के अनेकों प्रकल्प

उन्होंने कहा कि सेवा के अनेकों प्रकल्प है जिनमें जरूरतों को शिक्षा देना का कार्य है। गरीब बस्तियों में जाकर बच्चों व माता-पिता को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है। भारत की एक निजी कंपनी ने पहली बार अपना रॉकेट लांच कर दिया है। गत दिनों ही देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को चलाया गया है। आने वाले समय में तेल, गैस, कोयला यह खत्म होते जा रहे है। इसलिए हमें अभी से ही वैकल्पिक रास्तों को अभी से अपनाना होगा। ऊर्जा का केवल एक सूर्य स्त्रोत है जोकि विभिन्न रूपों में है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार कई प्रकार की योजनाएं चला रही है।



**पंचकूला।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, तार्किक सोच, अनुसंधान की भावना तथा अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति गहन अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से पंजाब विश्वविद्यालय स्थित अंकुर स्कूल में श्शीला कपूर एस्ट्रोनॉमी क्लब का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह पहल विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान के क्षेत्र में व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक अधिगम के नए अवसर प्रदान करेगी।

# दो माह में टूटकर बिखरी सवा करोड़ की सड़क

***लोगों का आरोप, ठेकेदार ने टूटी सड़क पर तारकोल से की लीपापोती, अब बनी जी का जंजाल***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग बनी सवा करोड़ रुपये की सड़क दो महीने में ही टूटकर बिखर गई। सड़क का निर्माण कार्य मार्च में शुरू हुआ था जोकि मई के अंतिम सप्ताह में पूरा हुआ था। इसके बाद यह सड़क लोगों के आवागमन के लिए खोल दी गई थी। लेकिन अब सड़क से कंक्रीट और बजरी उखड़ने लगी है। इससे राहगीरों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। इस गोलमाल को छिपाने के लिए और अपनी पोल खुलने के डर से ठेकेदार ने रातों-रात सड़क पर तारकोल डालकर मामले पर लीपापोती करने का प्रयास किया है। लेकिन सुबह होते ही उसकी यह पोल खुल गई। भीषण गर्मी में यह सड़क लोगों के लिए जी का जंजाल बन गई।

सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों की साइकिलें भी तारकोल में फंस जाती हैं। अभिभावकों ने रोष जताते हुए कहा कि प्रशासन बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहा है। यहां के रहने वलो संदीप, क्षितिज, सुलोचना, मीनाक्षी व गुरचरण सिंह ने बताया कि पहले तो दो साल तक इस सड़क के बनने का इंतजार किया और जब सड़क बनी तो दो महीने भी नहीं टिक पाई। लोगों ने बदहाल व्यवस्था को कोसते हुए कहा कि यह सब विभागीय लापरवाही का नतीजा है।

लोगों ने नगर परिषद से लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियों से मोहा मन

■ जेएसी अंबाला रीजन की ओर से आयोजित किया था कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जेएसी अंबाला रीजन द्वारा अपने सदस्यों एवं उनके परिवारों के लिए जेएसी गॉट लेटेंट नामक एक भव्य एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा उनका उत्साहवर्धन करना था। कार्यक्रम में अनेक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। किसी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, किसी ने मधुर गीतों से समां बांधा, तो किसी ने प्रभावशाली कविताओं एवं योग प्रदर्शन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उपस्थित सभी सदस्यों ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की भरपूर सराहना की तथा तालियों की गूंज के साथ उनका उत्साह बढ़ाया। रीजन के रीजनल चेयरमैन विशेष धीमान ने सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट लीडर्स अचिन जैन एवं विकास गुप्ता रहे। उन्होंने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन का दायित्व आराधिका गुप्ता एवं शशांक अग्रवाल ने शानदार ढंग से निभाया।



अंबाला। कार्यक्रम के विजेता क्लब पदाधिकारियों के साथ। फोटो: हरिभूमि

# कविता सुना कर सबको भावविभोर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

कला एवं साहित्य मंच की सजी महफ़िल सबरंग गोष्ठी में प्रस्तुतियों ने बांधा समां सीनियर सिटीजन कौंसिल, पंचकूला के सभागार में मासिक गोष्ठी हर्षोल्लास के साथ आयोजित की गई। सबसे पूर्व कला एवं साहित्य मंच के कार्यकारिणी सदस्य सुनील मिनोचा ने खूब गर्मजोशी से उपस्थित 34 गुणीजनों का विन्रम स्वागत किया।आगे बताया कि आज से मैनेजमेंट ने आर्ट एंड लिटरेरी जोन का नाम बदल कर हिन्दी में कला एवं साहित्य मंच रख लिया है।सभी ने करतल- ध्वनि से इसका अनुमोदन किया।तत्पश्चात सभी कार्यकारिणी ने माँ सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित की।इसके साथ ही सरोज चोपड़ा ने सरस्वती वंदना संस्कृत के श्लोको सहित की।मंच -संचालन डाक्टर नीर मित्तल 'नीर' व आभा साहनी ने बख़ूबी किया। चेयरपर्सन डाक्टर नीरू मित्तल 'नीर' ने वक्त पर कविता-'कभी शिखर कभी पाताल' सुना कर गुदगुदाया। सचिव आभा साहनी की कविता- 'अम्मा तेरे जाने से, घर-आँगन सूना लगता है' सुनाई। रचना मार्मिक बन पड़ी। कार्यकारिणी सदस्य सुनील मिनोचा ने कविता - 'बचपन का प्यार' अपने माता पिता से सुनाई और सबको सोचने पर मजबूर कर, खूब वाहवाही लुटी। कौंसिल सचिव एच सी गेरा ने प्रकृति चित्रण कविता- 'रात जाग कर, लुका- छिपी करता रहा' खूब तालियाँ बटोरी। कमलेश गेरा ने अपनी कविता में आशा का गहरा मतलब बताया।अनिमेष गोयल की 'बरसात का मौसम और उमस' पर सुन्दर कविता सुनाई । मोहिनी सचदेवा की कविता- 'सावन की दस्तक' भीगने की बेकरारी को दर्शाती थीं। सरोज चोपड़ा ने' सावन की बरसे बदरिया' एक मधुर भजन की प्रस्तुति दी।कर्नल एन के सिहाग ने एक बेटे के पिता के लिए अरमान कविता सुना कर भावविभोर किया।



#### धन्यवाद किया

ऊषा गर्ग ने भी दोहे, व मजबूत परिवार पर बोला।एन के शर्मा ने बारिश पर बीते जमाने की चर्चा की।चरणजीत सिहं ने 'रिश्तो से जुड़े , इतना ही बहुत है'कविता सुनाई। दीपा भल्ला ने नेकी की राह पर चलते रहे, भगवान से प्रार्थना में माँगा। रविन्द्र मित्तल,प्रेम सागर धिंगड़ा और शमा अग्रवाल भी मौजूद थें। अन्त में कार्यकारिणी सदस्य शशि चड्डा ने सब आये सदस्यों धन्यवाद किया। खुश गुवार मौसम में,अंत में गर्मागर्म स्वादिष्ट कुल्चे आने से पूर्व पंजाबी कैसेटस पर खूब डांस भी चला। जो एक यादगार शाम बन गई।

## पहले चरण का पौधरोपण अभियान संपन्न, 220 पौधे रोपित किए

**अंबाला ।** सामाजिक संस्था गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा पहले चरण का पांच दिवसीय पौधारोपण अभियान रविवार को संपन्न हुआ। प्रोजेक्ट इंचार्ज जगमाल सिंह राणा ने बताया कि समूह अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ के निर्देशानुसार अंबाला छावनी क्षेत्र में 15 जुलाई से शुरू किए गए इस अभियान में 220 पौधे रोपित किए गए। 100 वितरित किए गए। इस अभियान में प्रकृति प्रेमियों खासकर युवाओं का काफी सहयोग मिला। अब रोपित किए गए पौधों की लगातार देखभाल की जाएगी जिसके लिए ट्री गार्ड इत्यादि लगाए जाएंगे। पौधारोपण अभियान के समापन पर गांव रौलां और वार्ड नंबर 11 की कॉलोनियों में छायादार और फलदार वृक्षों के 50 पौधे रोपित करके इतने ही गिफ्ट किए गए। पौधारोपण में सदस्य प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार,गांव रौलां से रमालो देवी,गुदगुदी जंक्शन के वरिष्ठ पदाधिकारी ओम बनमाली ने अपना भरपूर योगदान दिया। गांव खोजकीपुर,नग्गल कराधान,प्रभु प्रेम पुरम ब्लॉक,पुनिया कॉलोनी,शिवम कॉलोनी,आनंद विहार,प्रोफेसर कॉलोनी और पूजा विहार में नपा सदस्य ऋतु शर्मा प्रतिनिधि गुरिंदर शर्मा,राहुल शर्मा,कृष्ण राणा,विशाल,हरि कुमार सहित सफाई कर्मचारी जितेन्द्र, बलजीत और संजीव ने पीपल,नीम,बड,जामुन,अमरूद,आम,मौलसरी और गुलमोहर आदि छायादार व फलदार वृक्षों के पौधे लगाए। गांव खुड्डा कलां से पौधारोपण प्रभारी जगमाल राणा के साथ लगातार चले अभियान में सरपंच प्रतिनिधि धर्मपाल,अशोक चौहान,राजकुमार और तारा चंद शर्मा का विशेष सहयोग रहा। पौधारोपण टीम सदस्यों ने लोगों को तुलसी व औषधीय पौधे गिफ्ट करके गुदगुदी जंक्शन समूह की गतिविधियां बताई। पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।



अंबाला। पौधरोपण करते संस्था के पदाधिकारी।

## फॉरेक्स व दवाओं में ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी को लगाया करोड़ों का चूना

■ निवेश में मोटे मुनाफे के लालच में आकर कारोबारी ने फर्म संचालकों के पास जमा करवाए थे 4.55 करोड़ रुपये, अब बची रकम देने से मुकरे

**अंबाला।** निवेश के नाम पर कारोबारी प्रदीप से 2.5 करोड़ की धोखाधड़ी हो गई। इस मामले में मोहाली की एक निजी कंपनी के चार संचालकों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया गया है। आरोपियों ने पीड़ित को दो साल में रकम दोगुनी करने और 8 प्रतिशत मासिक रिटर्न का झांसा दिया था। पुलिस ने ये कार्रवाई बैनिंग ऑफ अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत की है। मिलाप नगर के रहने वाले कारोबारी प्रदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में कोर्ट रोड स्थित उनकी दुकान पर आरोपी बलविंद्र सिंह आया था। उसने अपनी कंपनी एमीगोस नेचर केयर प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करने पर भारी मुनाफे का लालच दिया। इसके बाद कंपनी के प्रबंध निदेशक कुलवीर सिंह, संस्थापक सरबजोत सिंह और अमनप्रीत सिंह ने भी संपर्क किया। आरोपियों ने खुद को फॉरेक्स ट्रेडिंग, दवाइयों, ग्रेनाइट, भूमि खरीद-बिक्री और वर्मी कंपोस्ट के बड़े कारोबार से जुड़ा बताकर कई दस्तावेज भी दिखाए। प्रदीप ने बताया कि आरोपियों के दावों और दस्तावेजों के झांसे में आकर अपने, परिजनों के माध्यम से अलग-अलग तारीखों में 4.55 करोड़ रुपये कंपनी व आरोपियों के बैंक खातों में जमा करा दिए। कई बार दुकान से नकद राशि भी दी। निवेश की गई कुल राशि में से आरोपियों ने करीब ढाई करोड़ रुपये तो वापस लौटा दिए लेकिन शेष 2.05 करोड़ रुपये बकाया रख लिए। कारोबारी की मानें तो आरोपियों ने ने न तो उसकी बची रकम वापिस की न ही कोई बात करने को तैयार हैं। उल्टा उसे जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं।
पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शोरूम के लिए दो प्लाट दिलाने के नाम पर 1.15 करोड़ की धोखाधड़ी

■ दो प्लॉटों की फर्जी प्रॉपर्टी आईडी पोर्टल पर चढ़वा दी

**अंबाला।** करनाल में शोरूम के लिए प्लॉट दिलाने का झांसा देकर कांचघर के नमन मंगला से 1.15 करोड़ की धोखाधड़ी की गई है। ठगों ने फर्जी तरीके से रजिस्ट्री से पहले ही उनके नाम पर प्रॉपर्टी आईडी भी जेनरेट करवा दी थी। अंबाला शहर पुलिस ने नमन मंगला की शिकायत पर राकेश, विक्रम, संदीप भारद्वाज और जस्सा बलाना के खिलाफ केस दर्ज किया है। नमन मंगला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी दुर्गा नगर हिसार रोड पर मैटल मास्टर इंडस्ट्रीज के नाम से लोहे की फैक्टरी है। वर्ष 2024 में उनके परिचित संदीप भारद्वाज और जस्सा बलाना ने उनसे संपर्क किया था। बताया था कि वह करनाल के पॉश इलाके सेक्टर-12 में शोरूम के लिए दो बेहतरीन प्लॉट दिलवा सकते हैं। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए भरोसा कर लिया। आरोपियों को अलग-अलग किश्तों में 90 लाख रुपये दे दिए थे। नमन का आरोप है कि आरोपियों ने सरकारी सिस्टम में हेरफेर कर रजिस्ट्री होने से पहले ही उसके व पिता के नाम पर दो प्लॉटों की फर्जी प्रॉपर्टी आईडी पोर्टल पर चढ़वा दी। जब रजिस्ट्री का दबाव बनाया तो दोनों आरोपियों ने अपनी पारिवारिक समस्याओं का हवाला देते हुए कुछ समय का वक्त मांग लिया। इसी बीच आरोपियों ने एक नया जाल बुना व जिरकपुर में भी एक जमीन दिलाने के नाम पर नमन से 10 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। शिकायतकर्ता नमन का आरोप है कि ठगी का यह खेल यहीं नहीं रुका। साल 2026 में इस मामले में दो नए आरोपी राकेश कुमार और विक्रम शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संदीप और जस्सा का छोड़ा हुआ अधूरा काम यानी रजिस्ट्री वह पूरी करवा देंगे लेकिन इसके लिए 15 लाख रुपये और लगेंगे। इस तरह से और पैसे ट्रांसफर कर दिए। उसने बताया कि आरोपियों ने उसके साथ करीब 1 करोड़ 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। एसएचओ सिटी सुनीता ढाका ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को काबू किया जाएगा।

## रोटरी क्लब की ओर से टीबी मरीजों को दी मासिक हाई-प्रोटीन डाइट



अंबाला। मरीजों को प्रोटीन डाइट वितरित करते क्लब पदाधिकारी।

**अंबाला।** रोटरी क्लब अंबाला द्वारा समाज सेवा के अपने निरंतर प्रयासों के अंतर्गत रविवार को मासिक हाई-प्रोटीन डाइट वितरण परियोजना का आयोजन अंबाला छावनी में किया गया। इस सेवा परियोजना के अंतर्गत तपेदिक (टीबी) से पीड़ित 10 मरीजों को पौष्टिक एवं हाई-प्रोटीन डाइट किट वितरित की गईं, ताकि उनके उपचार के साथ-साथ बेहतर पोषण भी सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन क्लब के प्रधान रोटेरियन डॉ. विवेक मल्होत्रा के नेतृत्व में किया गया। परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोटेरियन सुनील अग्रवाल ने पूरे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन एवं समन्वय किया। क्लब के सचिव रोटेरियन डॉ. आरआर सूरी ने कहा कि उचित पोषण टीबी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा इसी उद्देश्य से क्लब द्वारा यह सेवा परियोजना प्रत्येक माह नियमित रूप से संचालित की जा रही है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान रोटेरियन डॉ. केके जैन, विजय गुप्ता, सुरिंदर गोयल, संदीप चोपड़ा, इंदर गुगलानी, डॉ. राजिंदर राणा, विशाल जैन, अशोक भल्ला, संदीप गुप्ता तथा पवन सेठी सहित रोटरी क्लब के अनेक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने टीबी मरीजों को हाई-प्रोटीन डाइट किट वितरित करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की तथा समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## सोशल मीडिया क्रिएटर ने महिला समेत कई लोगों पर लगाए मारपीट के आरोप

**अंबाला।** पशु प्रेमी महिला के खिलाफ अब नया केस दर्ज हो गया है। इससे पहले उनके खिलाफ बुजुर्ग से मारपीट का मामला दर्ज हो चुका है। अब एक सोशल मीडिया क्रिएटर ने महिला और उसके साथियों पर दुकान में घुसकर मारपीट, अपहरण का प्रयास, पगड़ी उतारने और धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप लगाए हैं।शिकायत के बाद शाम विभिन्न समुदायों से जुड़े लोग अंबाला कैंट थाने पहुंचे। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला के खिलाफ दूसरा केस दर्ज कर लिया है। मच्छौंडा गांव के सोशल मीडिया क्रिएटर अमरप्रीत सिंह ने शिकायत में बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया पर महिला के एक कथित आपत्तिजनक वीडियो पर प्रतिक्रिया दी थी। आरोप है कि 16 जुलाई की शाम महिला अपने पति और करीब 20 युवकों के साथ उनकी दुकान पर पहुंची थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** मनोनीत सदस्य अजय बवेजा ने अधिकारियों को बोर्ड की विकसित योजनाओं से करवाया अवगत

# ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने देखा कैंटोनमेंट बोर्ड का विकास मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी से आए नए ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने रविवार को अंबाला कैंटोंमेंट बोर्ड का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छावनी बोर्ड की विशेष कार्य प्रणाली, प्रशासनिक ढांचे और स्थानीय विकास के मॉडल को जमीनी स्तर पर समझना था। इस विशेष अवसर पर अंबाला छावनी बोर्ड के मनोनीत सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष अजय बवेजा ने युवा ट्रेनी आईएएस अधिकारियों का स्वागत किया और उनके साथ एक बेहद महत्वपूर्ण व सकारात्मक संवाद किया। अधिकारियों से बातचीत करते हुए अजय बवेजा ने कहा कि एक स्थानीय निकाय प्रतिनिधि होने के नाते हमारी सबसे पहली प्राथमिकता छावनी क्षेत्र के निवासियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर वातावरण प्रदान करना है। इसके साथ ही अंबाला कैंट की एक विशिष्ट पहचान है जहां सेना और सिविलियन आबादी साथ-साथ रहती है। ऐसे में सेना के साथ बेहतरीन समन्वय और सामंजस्य स्थापित करके ही दोनों क्षेत्रों का समान और सुचारू रूप से विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।



अंबाला। कैंटोनमेंट बोर्ड देखने पहुंचे ट्रेनी आईएएस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

#### प्रशासनिक पहलुओं पर सवाल सांझा किए

बवेजा ने युवा अधिकारियों को बताया कि किस तरह छावनी बोर्ड नागरिक सुविधाओं को बनाए रखते हुए सैन्य अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाकर विकास कार्यों को गति देता है। उन्होंने कहा कि यह संवाद आने वाले समय में इन अधिकारियों को फील्ड में नीति निर्धारण और नागरिक-सैन्य संबंधों को बेहतर ढंग से संभालने में मददगार साबित होगा। इस दौरे के दौरान ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने भी छावनी बोर्ड की कार्यप्रणाली और यहां के अनूठे विकास मॉडल को जानने में गहरी रुचि दिखाई। विभिन्न प्रशासनिक पहलुओं पर अपने सवाल भी सांझा किए।

## सड़कों के गहरे गड्ढे भरने के लिए 25 लाख का बजट तय

**अंबाला।** अंबाला छावनी की टूटी सड़कों को दुरुस्त करने के लिए नगर परिषद को इस बार बजट का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। परिषद ने बरसात के दौरान सड़कों के पॉट-होल (गड्ढे) भरने के लिए पहले से ही 25 लाख का बजट तय किया है। इसके साथ ही कैंट की मुख्य सड़कों की व्यापक मरम्मत के लिए भी अलग से बजट की मंजूरी मांगी गई है। बता दें कि अंबाला छावनी के बैंक रोड, राय मार्केट, गांधी मार्केट, रामबाग रोड व 12 क्रॉस रोड समेत प्रमुख बाजारों और मुख्य सड़कों पर कई जगहों पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं। बरसात में इन गड्ढों में पानी भरने से हादसों का खतरा और बढ़ जाता है।